### बम्होरी में 'संकल्प से समाधान' कार्यक्रम विफल

## शिविर बना औपचारिकता, जनता नदारद



**रायसेन, 23 फरवरी.** **बम्होरी में 16 फरवरी से 15 मार्च तक चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार को पीडब्लूडी रेस्ट हाउस में शिविर आयोजित किया गया. बम्होरी सेक्टर की 24 ग्राम पंचायतों के लिए आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना था, लेकिन वास्तविक स्थिति इसके विपरीत रही.**

शिविर में पंचायत और महिला-बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे, लेकिन राजस्व, कृषि, बिजली और अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित रहे. इस कारण आम लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका और जनता की भागीदारी भी कम रही.

जनपद सदस्य प्रतिनिधि मदन गोपाल वर्मा ने कहा कि यदि संबंधित विभागों के अधिकारी ही उपस्थित नहीं रहेंगे, तो शिविर का उद्देश्य अधूरा रहेगा. ग्रामीण बाबू रजक ने भविष्य में सभी विभागों की अनिवार्य उपस्थिति और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सतत निगरानी की मांग की.

शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें केवल गिने-चुने हितग्राहियों ने आवेदन दिया. अन्य कुर्सियां खाली रहीं, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि शिविर औपचारिकता बनकर रह गया.



## हलाली डैम के समीप 5 गिद्धों को छोड़ा

**रायसेन, 23 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सोमवार को रायसेन जिले में हलाली डैम के समीप 05 गिद्धों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया। इनमें चार भारतीय गिद्ध ( जिप्स इंडिकस ) और एक सिनेरियस गिद्ध ( एजिपीयस मोनाकस ) शामिल हैं।**

प्राकृतिक वातावरण में छोड़े गए गिद्धों पर जीपीएस ट्रैकर लगाए गए हैं, जिससे उनके आवागमन, व्यवहार एवं सुरक्षा की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उच्च परिशुद्धता वाले जीपीएस-जीएसएम उपग्रह ट्रांसमीटरों से सुसज्जित पाँच दुर्लभ प्रजाति के गिद्धों को भोपाल स्थित गिद्ध संरक्षण प्रजनन केंद्र में व्यवस्थित अनुकूलन और अवलोकन अवधि के बाद मुक्त किया गया है। टैगिंग प्रक्रिया सभी संबंधित संस्थाओं एवं वन विभाग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वाइल्ड लाइफ एसओएस के वन्यजीव पशु चिकित्सक की देखरेख में हुई। यह पहल मध्यभारत के विकसित होते 'गिद्ध परिदृश्य' को समझने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### एक नजर में

#### पत्रकारिता में दिनेश चौरसिया को 'कर्मयोद्धा सम्मान'

**सिलवानी, 23 फरवरी.** सक्रिय पत्रकार दिनेश चौरसिया को रविवार को राजधानी भोपाल के तुलसीनगर स्थित नर्मदीय समाज भवन में आयोजित प्रांतीय सम्मेलन में 'कर्मयोद्धा सम्मान' से नवाजा गया. सम्मेलन का आयोजन असेंबली ऑफ एम पी जर्नलिस्ट्स द्वारा किया गया, जिसमें प्रदेश भर से पत्रकारों ने हिस्सा लिया और 'मध्यप्रदेश के समग्र विकास में पत्रकारों की भूमिका' विषय पर विचार-विमर्श किया. मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल विधायक भगवानदास सबनानी, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा और भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राधावल्लभ शारदा ने की. दिनेश चौरसिया को उत्कृष्ट पत्रकारिता, संगठन के प्रति समर्पण और जनहित के मुद्दों को निर्भीकता से उठाने के लिए सम्मानित किया गया. उनके सम्मान से सिलवानी क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना. अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के पत्रकार सीमित संसाधनों के बावजूद जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का सराहनीय कार्य करते हैं.



#### किशोरी बालिकाओं ने किया थाना सिलवानी का शैक्षणिक भ्रमण

**सिलवानी, 22 फरवरी.** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत सोमवार को लगभग 50 किशोरी बालिकाओं का थाना सिलवानी में शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया. इस दौरान बालिकाओं को पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधान और कानून व्यवस्था संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई. थाना प्रभारी पूनम सविता ने बालिकाओं को सुरक्षा उपाय, गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला उत्पीड़न से संबंधित कानून, कैदी कक्ष की व्यवस्था और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने किशोरियों को निर्भीक होकर अपनी समस्याएं रखने और आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम में उच्च शिक्षा और आत्मनिर्भर बनने के विभिन्न मार्गों पर भी चर्चा की गई. इसका उद्देश्य किशोरी बालिकाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में सुरक्षा व सम्मान के साथ आगे बढ़ना है .

#### शराब के नशे में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेगमगंज, 22 फरवरी.** नगर के शाहपुर हदाईपुर मोहल्ले में एक 30 वर्षीय युवक ने शराब के नशे में अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि बीती रविवार की रात करीब 10 बजे गणपत प्रजापति पिता हरदयाल प्रजापति 30 वर्ष शराब के नशे में धुत होकर आया ओर परिजनों से विवाद करने लगा और फिर उसके बाद अपने कमरे में अंदर चला. रात करीब 12 .30 बजे उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जब कमरे में पत्नी पहुंची तो माजरा देखकर परिजनों में बुलाया. मृतक के दो बच्चे हैं वह मजदूरी करके गुजर-बसर करता था. सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने पंचनामा उपरांत मार्ग कायम कर विवेचना में लिया.

#### हिंगलाज माता मंदिर के चांदी का छत्र और दानपेटी ले गए चोर

**बाड़ी.** जिले के प्रसिद्ध हिंगलाज माता मंदिर में देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. चोरों ने मंदिर से चांदी का छत्र और दानपेटी चुरा ली. दानपेटी को काटकर उसमें रखी नगदी भी ले ली गई. घटना की जानकारी मिलते ही बाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और बरेली एसडीओपी ने भी स्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने मंदिर परिसर को घेराबंदी कर फिंगरप्रिंट टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू की. मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आसपास के लोगों व पुजारियों से पूछताछ की जा रही है. मंदिर परिसर में पहले भी पान प्रसाद की दुकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन मुख्य मंदिर में चोरी की घटना से लोग आक्रोशित हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने की वजह से चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया. बरेली एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को घटना की जानकारी दी गई.

## 8 घंटे में पिता-पुत्र को पुलिस ने पकड़ा

### चोरी का खुलासा




**बेगमगंज, 23 फरवरी. गत दिवस रीतेश जैन की हार्डवेयर दुकान से रात्री में दराज में रखे 3 लाख 70 हजार रुपये चोरी होने की घटना घटी. पुलिस ने महज 8 घंटे में इस चोरी का खुलासा कर आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया.**

थाना बेगमगंज में स्नद्धक्रदर्ज कर एसडीओपी सोनाली गुप्ता और थाना प्रभारी राजीव उईके के नेतृत्व में एफएसएल टीम की मदद से मौके का निरीक्षण किया गया. फिंगरप्रिंट, अंगुल-चिन्ह, पद-चिन्ह और डॉग स्क्वायड की सहायता से जांच में आसपास के 15-20 वीडियो फुटेज भी खंगाले गए.

जांच में आरोपी अनिल कुशवाहा निवासी महादेवपुरा ने अपना जुर्म स्वीकार किया. उसने बताया कि शटर खोलकर दुकान में प्रवेश किया, कैमरे का कनेक्शन काटा, डीवीआर उठाया और दराज से 3 लाख 70 हजार रुपये निकाल लिए. चोरी की रकम, डीवीआर और कैमरा उसने घर के ड्रम में छुपा रखे थे, जिसमें उसके पिता गणेशराम कुशवाहा ने सहयोग किया. पुलिस ने 3 लाख 60 हजार रुपये नगद, डीवीआर और कैमरा बरामद कर पिता को भी सह आरोपी बनाकर हिरासत में लिया.

> पुलिस अधीक्षक ने टीम की सफलता पर 8 घंटे में चोरी का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुरूस्कारित करने की घोषणा की. इस कार्रवाई में टीआई राजीव उईके, एसआई संदीप पवार, एएसआई गणेश चौरसे, आरक्षक मो. शम्स सोहराब, आरक्षक अजय राणा, दीपक विश्वकर्मा, भरत दांगी, राजेन्द्र साहू, सुरभी और सुरक्षा समिति राजा कुशवाहा की विशेष भूमिका रही.



## बसंत की रंगीन छटा, टेसू की सुंदरता

**सिलवानी, 23 फरवरी. बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही पूरा क्षेत्र बासंती रंग में रंग गया है. आम के पेड़ों पर बौर आने से वातावरण सुगंधित हो गया है और भंवरे पेड़ों के चारों ओर मंडराते दिखाई दे रहे हैं.**

क्षेत्र के बेरी के पेड़ों पर खट्टे-मीठे बेर पके हैं, जो खेतों, खलिहानों, सड़कों और वन प्रांतरों में लगे हैं. लाल-भूरे बेर और टेसू, सेमल, गुलमोहर के खिले फूल चारों ओर रंग-बिरंगा वातावरण बना रहे हैं. दूर-दूर तक फैली यह छटा बसंत की सुंदरता को और निखार रही है.

खेतों में खड़ी रबी फसलें अपने पूरे यौवन पर हैं और चारों ओर हरियाली, नई कोपलें और फूलों की बहार मनोहारी दृश्य प्रस्तुत कर रही हैं. लोग इस प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिए आसपास के स्थलों और तीर्थ स्थानों की ओर यात्रा कर रहे हैं.

सिलवानी में इस समय बसंत अपने पूरे शबाब पर है, प्रकृति का यह अनुपम रूप लोगों के मन को मोह रहा है और हर कोई इसे निहारकर आनंदित हो रहा है.

## मध्यान्ह भोजन वितरण में अनियमितता, शिक्षक निलंबित

**मध्यान्ह भोजन वितरण से जुड़े स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त**

**रायसेन, 22 फरवरी.** जिले के बाड़ी विकासखंड की प्राथमिक शाला खुरपटनी में मध्यान्ह भोजन वितरण में अनियमितता किए जाने पर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार उक्त शाला की प्राथमिक शिक्षक निर्मला नायक को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही मध्यान्ह भोजन वितरण से जुड़े अम्बे स्व सहायता समूह ग्राम खुरपटनी का अनुबंध तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सोशल मीडिया के माध्यम से बाड़ी विकासखंड की प्राथमिक शाला खुरपटनी में मध्यान्ह भोजन वितरण में अनियमितता किए जाने की जानकारी संज्ञान में आने पर जिला स्तर से जांच कराई गई तथा जांच प्रतिवेदन में दोष सिद्ध होने पर संबंधितों पर कार्रवाई की गई है।

## वाहन ने बाइक सवार 2 युवकों को कुचला, एक की मौत



**सिलवानी,23 फरवरी. गैरतगंज मार्ग पर रविवार देर रात ग्राम जमुनिया के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ. अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी. इस घटना में 20 वर्षीय जितेंद्र लोधी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक रोहित आदिवासी गंभीर रूप से घायल हुआ और उसे प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया.**

जानकारी के अनुसार दोनों युवक सिलवानी से सिहोरा की ओर जा रहे थे, तभी देर रात अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मर्ग कायम कर जांच शुरू की. अज्ञात वाहन चालक हादसे के बाद फरार हो गया. पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और वाहन चालक की तलाश में सक्रिय है.

## शहर में रात 10 बजे के बाद डीजे पूरी तरह प्रतिबंधित



**सिलवानी, 23 फ़रवरी. नगर एवं क्षेत्र में बोर्ड परीक्षाओं और लग्नसरा-त्योहारों के मद्देनजर कार्यक्रमों में डीजे संचालन से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है. इसे देखते हुए थाना सिलवानी परिसर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई.**

थाना प्रभारी पूनम सविता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित ध्वनि सीमा और समय-सीमा का कड़ाई से पालन किया जाए. उन्होंने कहा कि रात 10 बजे के बाद किसी भी स्थिति में डीजे नहीं बजाया जाएगा और सड़कों पर आतिशबाजी की अनुमति भी नहीं होगी.

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि नियमों का उल्लंघन होने पर डीजे जब्त किया जाएगा और संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. साथ ही, कार्यक्रम में साउंड सिस्टम के उपयोग से पूर्व प्रशासन को सूचना देना अनिवार्य होगा.

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि लग्नसरा के दौरान रात में बारातें निकलने से जाम और तेज ध्वनि से आमजन को परेशानी होती है. इसलिए नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा और किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. सभी डीजे संचालकों को नियमों की जानकारी देकर पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं.

### टीएल बैठक ▶ कलेक्टर विश्वकर्मा ने की विभागीय गतिविधियों तथा सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

## सीमांकन सहित अन्य राजस्व का शीघ्र करें निराकरण

**रायसेन, 23 फरवरी. कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विभागीय गतिविधियों, अभियानों तथा सीएम हेल्पलाईन सहित विभिन्न योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।**

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर विश्वकर्मा ने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाईन की जनवरी माह की ग्रेडिंग में रायसेन जिला पुनः प्रदेश में पहले स्थान पर है, इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि जो शिकायतें निराकरण हेतु शेष हैं, उनका भी शीघ्र निराकरण कराएं। साथ ही 50 दिवस से अधिक समयावधि वाली शिकायतों को भी प्राथमिकता से निराकृत कराना है। बैठक में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त कोई भी शिकायत नॉन अटेन्डेन्ट ना रहे, शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की जाए और की जा रही कार्यवाही पोर्टल पर भी दर्ज कराएं। उन्होंने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा वाले आवेदनों का भी समयावधि में निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा संबंधित अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर विश्वकर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि राजस्व प्रकरणों को तेजी से निराकृत कराएं। आरसीएमएस पोर्टल में दर्ज नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का तीन माह की अवधि के पहले ही निराकरण सुनिश्चित कराएं। एसडीएम स्वयं तहसील स्तर पर निराकरण की नियमित समीक्षा करें।

उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि कई तहसीलों में राजस्व वसूली लक्ष्य के विरूद्ध बेहद कम हैं। इसके साथ ही फार्मर रजिस्ट्री का कार्य भी शीघ्र पूर्ण कराने के लिए कहा।

> वन विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर विश्वकर्मा ने उपखण्ड स्तरीय अधिकार समिति के पास लंबित दावों का परीक्षण कर शीघ्र निराकरण कराने हेतु सभी एसडीएम को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विभाग से अनुमतियां लेना शेष है तो शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कराएं। इसके अतिरिक्त ग्राम वनाधिकार समिति के पास लंबित दावों का भी निराकरण कराने के निर्देश दिए। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर विश्वकर्मा ने मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना अंतर्गत विधानसभा स्तर पर चयनित किए गए ग्रामों में विकास कार्यो हेतु पांच वर्षो की डीपीआर बनाए जाने की जानकारी लेते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## वंशज ग्लोबल हाइट्स स्कूल का वार्षिक महोत्सव




**सिलवानी,23 फरवरी. प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान वंशज ग्लोबल हाइट्स स्कूल में वार्षिक समारोह हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पूनम सविता रहीं. समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.**

समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति गीत, नृत्य और नाट्य मंचन से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया. उनके आत्मविश्वास और प्रतिभा ने सभी को प्रभावित किया.

शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि ने विद्यालय के अनुशासन, उच्च शिक्षा स्तर और संस्कारयुक्त वातावरण की सराहना की.

अभिभावकों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताओं ने भी समारोह को खास बनाया, जिसमें अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विद्यालय संचालक जलज राय के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की उपस्थित जनों ने प्रशंसा की और अंत में विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि एवं सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया गया.